हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025

11 2025 में अब तक नहीं मिला मलेरिया का एक भी केस...

12 पहलवान घटना के विरोध में फतेहाबाद में बंद रही मार्केट...

खबर संक्षेप

पोर्टल पर एक तक दर्ज करवाएं नुकसान का ब्यौरा

सिरसा। हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आगजनी से फसल के नुकसान होने पर जानकारी देने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला गया है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि किसान एक मई तक अपने खेतों में आगजनी से हुए नुकसान का विवरण पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं ताकि उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि पात्र किसान निर्धारित समय सीमा के भीतर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने नुकसान का विवरण अपलोड करना सुनिश्चित करें।

धोखे से बेच डाले 35 लाख के मुर्गे, आरोपी काबू

फतेहाबाद। रतिया पुलिस ने कम्पनी से धोखाधड़ी कर 35 लाख रुपये के मुर्गे बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान तलविन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी महमदगी के रूप में हुई है। सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 मई 2024 को जितेन्द्र कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

मारपीट के मामले में दो युवकों को किया काबू

फतेहाबाद। जाखल पुलिस ने घर में घुसकर दो युवकों व महिला के साथ मारपीट करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान रविन्द्र सिंह उर्फ टीटू पुत्र अमर सिंह व कुलदीप उर्फ ननू पुत्र सतबीर निवासी जाखल मण्डी के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 अप्रैल को पंजाब के लहरागागा हाल चुलड़पुर वाली गली, जाखल निवासी महिला बीता की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

पति पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

सिरसा। महिला थाना सिरसा पुलिस ने गांव कुत्तियाना निवासी रामस्वरूप की विवाहिता पुत्री सारिका की शिकायत पर उसके पति सुनील कुमार पुत्र मोलूराम के खिलाफ मारपीट, दहेज प्रताड़ना के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सारिका ने बताया कि उसका विवाह 3 मई 2023 को सुनील कुमार के साथ हुआ था।

महिलाओं को नशामुक्ति के प्रति किया जागरूक

सिरसा। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को पीएनबी ग्रामीण स्व-रोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई का प्रशिक्षण ले रही महिला प्रशिक्षणार्थियों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा आज के युवाओं को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। विभिन्न प्रकार के नशे न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन को भी बिगाड़ते हैं, जिससे पारिवारिक कलह और आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

रतिया शहर में नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। जिला पुलिस ने रतिया क्षेत्र से एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी वार्ड नं. 10, नहर कालोनी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला

आगजनी से 17 गांवों में जली गेहूं की फसल व फाने

तहसीलदार व पटवारी आग से हुए नुकसान को पोर्टल पर वेरिफाई करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

किसानों के नुकसान को देखते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने की थी भरपाई की घोषणा

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार ने गेहूं के सीजन में अप्रैल मास में गेहूं व फानों में आगजनी के कारण हुए नुकसान का मुआवजा देने की घोषणा के बाद जिला राजस्व विभाग नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर ली है। राजस्व विभाग ने पाया कि अप्रैल मास में जिले के 17 गांवों में आगजनी के कारण सैंकड़ों एकड़ में फाने व गेहूं की फसल जली है। किसान अपनी फसल का क्लेम कर सकें, इसके लिए प्रदेश सरकार ने इन किसानों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। यह पोर्टल 1 मई तक खुला रहेगा। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद उपायुक्त ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश जारी कर कहा कि वह प्रभावित किसानों का नुकसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि तहसीलदार व पटवारी इस नुकसान को पोर्टल पर वेरिफाई करना भी सुनिश्चित करें। बता दें कि अप्रैल मास में गेहूं की फसल पककर तैयार हो जाती है। ऐसे में खेतों में आगजनी की घटनाएं भी सामने आने लगती है। जिले में इस बार अनेक जगह गेहूं की फसल और फानों में आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में किसानों ने उनके नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की थी। किसानों के नुकसान को देखते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने आगजनी से गेहूं की फसल को हुए नुकसान की भरपाई की घोषणा की थी। सीएम ने इस बारे प्रदेश के सभी उपायुक्तों से रिपोर्ट भी मांगी थी। इसके बाद प्रदेश के राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी उपायुक्तों को पत्र जारी कर नुकसान की रिपोर्ट भेजने को कहा था। इस पर डीसी के आदेशों के बाद जिला राजस्व विभाग ने तहसीलदार व पटवारियों के माध्यम से जिले में आगजनी की घटनाओं वाले गांवों को चिन्हित किया। यह काम शुक्रवार 25 अप्रैल को पूरा हो गया।

इसके बाद डीआरओ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 17 गांवों में आगजनी की घटनाएं हुई हैं। डीआरओ की रिपोर्ट के बाद डीसी ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश जारी कर कहा है कि सम्बंधित गांवों के हलका पटवारी, प्रभावित किसानों की गेहूं व अन्य फसलों के नुकसान को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाकर इसे वेरिफाई करें।

फतेहाबाद। खेतों में गेहूं की फसल में लगी आग। *(फाइल फोटो)*

फतेहाबाद के इन गांवों में हुआ नुकसान

तहसील	गांव
फतेहाबाद	भिरड़ाना
फतेहाबाद	भूथनकलां
फतेहाबाद	बोदीवाली
फतेहाबाद	सिरढ़ान
रतिया	अहरवां
टोहाना	बोस्ती
टोहाना	सनियाना
टोहाना	दमकौरा
टोहाना	समैण
टोहाना	नांगला
भूना	चन्ढावल
भूना	गोरखपुर
जाखल	नडैल
जाखल	कासिमपुर
जाखल	उदयपुर
जाखल	मुंदलिया
कुलां	रहनखेड़ी

दिए निर्देश

जिला राजस्व विभाग की रिपोर्ट की एक प्रति तहसीलदार फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, उपतहसीलदार भूना, जाखल व कुलां को भेजकर निर्देश दिए गए हैं कि वह गांव के हलका पटवारी को हिदायत जारी करें कि जिन किसानों की गेहूं व अन्य फसल में नुकसान हुआ है, उसे क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाना सुनिश्चित करें तथा पोर्टल पर वेरिफाई करें ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके।

-**मनदीप कौर**, डीसी फतेहाबाद

गांवों को किया चिन्हित

अप्रैल मास में गेहूं की फसल में आगजनी की घटनाओं के बाद प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पत्र लिखकर आगजनी के गांवों को चिन्हित करने को कहा था। इसके बाद जिले के सभी हलका पटवारियों व तहसीलदारों के मार्फत पूरा कर लिया गया है। इसमें पाया गया है कि फतेहाबाद के 17 गांवों में आगजनी से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। अब इन गांवों के किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 1 मई तक अपने नुकसान का दावा दर्ज करवा सकते हैं। इसमें किला/खसरा नंबर, नुकसान, बैंक खाता नंबर सहित कई तरह की जानकारियां मांगी गई हैं। ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। पोर्टल पर किसान 1 मई तक अपने दावे अपलोड कर सकते हैं।

-**शाम लाल**, जिला राजस्व अधिकारी फतेहाबाद

सिरसा। गांव नथोर में भूजल संरक्षण बारे जानकारी देते स्वरदीप सिंह।

जल संरक्षण को लेकर अनूठी मिसाल पेश करेगा गांव नथोर

- नथोर गांव को प्रदेश के पहले मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नाबार्ड के सौजन्य से एक्सपर्ट संस्था के सहयोग से रानियां ब्लॉक के गांव नथोर में भूजल संरक्षण के लिए अनूठी परियोजना का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण सुनिश्चित करना है। नाबार्ड से सहायक महाप्रबंधक स्वरदीप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए गांव में भूजल स्तर में गिरावट को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि जल संकट से निपटने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें नथोर गांव को प्रदेश के पहले मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। गांव में प्राचीन धरोहर कुंए में जल सरंक्षित करने के साथ ही उसे आकर्षक रूप दिया जाएगा, वहीं गांव के किसानों को भी धान की कम अवधि वाली फसल उगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

पहलगाम हमले के विरोध में आज 2 घंटे बंद रहेंगे शहर के बाजार

रतिया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदू पर्यटकों की गोली मारकर हत्या वाली घटना को शुक्रवार शाम को अग्रवाल धर्मशाला में शहर के हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों की एक बैठक संपन्न हुई बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम में शहीद हुए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि सभा का संचालन विज्ञान सागर बाघला द्वारा किया गया र्व समाज सभा कि बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर फैसला लिया कि इस घटना के विरोध में शनिवार सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक शहर के बाजारों को बंद करवा कर रोष मार्च निकाला जाएगा और एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम इस घटनाक्रम के दोषियों को ऐसी की सजा दिया जाने की मांग करते हुई एक ज्ञापन भी भेजा जाएगा।

सिरसा। मुआवजे की मांग को लेकर लघुसचिवालय में धरना देते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

- भरत सिंह की चार एकड़ फसल व भूसा जलकर हुआ राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव माखोसरानी के किसान शुक्रवार को लघु सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त से आगजनी के कारण फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की। किसानों ने उपायुक्त को बताया कि खेतों में लगी आग के कारण एक किसान बुरी तरह से झुलस गया। जिसका सिरसा नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने पीड़ित किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही अधिकारियों की एक टीम माखोसरानी जाएगी और नुकसान का आंकलन कर पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त कार्यालय पहुंचे गांव माखोसरानी निवासी किसान सुभाष पुत्र रामजी लाल व भरत सिंह पुत्र भागू राम ने बताया कि 24 अप्रैल को उनके खेतों में अचानक आग लग गई थी। आग फैलकर किसान रणधीर सिंह के खेत तक पहुंच गई। जिससे भरत सिंह की चार एकड़ फसल व भूसा जलकर राख हो गया। किसान रणधीर ने खेत में लगी आग को बुझाने की कोशिश की तो उसका ट्रैक्टर आग की चपेट में आ गया और वह भी आग लगने से बुरी तरह झुलस गया। रणधीर ने बड़ी मुश्किल से भागकर अपनी जान बचाई। उसका ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर गया। आगजनी की इस घटना से रणधीर सिंह को भी बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। किसानों ने उपायुक्त से गुहार लगाई कि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई की जाए ताकि वे अपना काम दोबारा से शुरू कर सकें।

पार्किंग शुरु करने की मांग को लेकर न्यू बस स्टैंड रोड के दुकानदारों ने दिया धरना

- विधायक आदित्य देवीलाल, चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा व रोडवेज अधिकारियों ने दुकानदारों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

न्यू बस स्टैंड रोड पर बंद पड़ी पार्किंग को शुरू करवाने की मांग को लेकर दुकानदारों ने शुक्रवार को पार्किंग स्थल के गेट पर दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया। इस मौके पर दुकानदारों नरेश सेठी, हरविंद्र सिंह कालड़ा, डा. अश्वनी सचदेवा, अशोक वधवा, सतपाल सोनी व अन्य ने कहा कि डबवाली बस स्टैंड की वर्कशॉप के पीछे खाली पड़ी जगह पर वर्ष 2013-14 में पार्किंग शुरु की गई थी। इसके काफी अच्छे सकारात्मक परिणाम सामने आये थे तथा डबवाली बस स्टैंड रोड पर आमजन को भारी भरकम ट्रैफिक अवैध पार्किंग से निजात मिल गई थी। लेकिन उक्त पार्किंग को बाद में बंद कर दिया गया। न्यू बस स्टैंड रोड पर जो मार्केट है तथा जो गलियां है वह काफी तंग हैं। भीड भाड वाला क्षेत्र होने के कारण जो भी लोग मार्केट में आते हैं उनके वाहन रोड पर खड़े रहते हैं और लोगों व आसपास के दुकानदारों को आवागमन में समस्या होती है। धरनारत दुकानदारों ने मांग उठाई कि न्यू बस स्टैण्ड रोड पर भारी ट्रैफिक व गलत पार्किंग से आमजन को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए बस स्टैंड की वर्कशॉप के पीछे बंद पड़ी पार्किंग दोबारा शुरु की जाए। बाद में धरनास्थल पर विधायक आदित्य देवीलाल, नगरपरिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, वाइस चेयरमैन अमनदीप बांसल, वरिष्ठ नेता संदीप चौधरी व कई पार्षदों ने भी पहुंचकर दुकानदारों को समर्थन दिया। चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा ने कहा कि यदि रोडवेज जगह दे तो नगरपरिषद पार्किंग का निर्माण व इसके रखरखाव की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। आदित्य देवीलाल ने आश्वासन दिया कि उनकी संबंधित विभाग के मंत्री व रोडवेज के जीएम से भी इस बारे में बात हुई है। वे पूरा प्रयास कर रहे हैं इस जगह पर पार्किंग जल्द शुरु करवाई जाए। बस स्टैंड डबवाली के एसएस रत्न लाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से धरना समाप्त करने का अनुरोध करते हुए कहा कि दुकानदारों की मांग को उच्चाधिकारियों के ध्यान में ला दिया है। उनके आदेशानुसार आगामी निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर नवीन चावला, हरप्रीत, आशु अनेजा, बबलू टेलर, यशपाल, राधेश्याम, अंकुर सेतिया, विशु बांसल, पंकज बत्तरा, मोनू लूथरा, गुंबर गारमेंटस, सोनी, दीपक शर्मा, मोनू गर्ग, राकेश धोलपुरिया, पारूल गर्ग, सुधीर बिश्नोई, सुरेंद्र सिंगला, सुमित अनेजा पार्षद, राकेश बब्बर, रविंद्र बबलू, विक्की शर्मा, संजय मैहता, केवल वधवा व अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।

सिरसा। पार्किंग की मांग को लेकर धरना देते दुकानदार। *फोटो: हरिभूमि*

साइक्लोथॉन यात्रा में पंचायतों का रहेगा विशेष योगदान: एडीसी

- यात्रा का विभिन्न स्थानों पर होगा भव्य स्वागत, पंचायतों की लगाई गई जिम्मेवारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में ग्रामीण बढ़चढ़ कर भाग लें और यात्रा का भव्य स्वागत करें। डिंग रोड के पास यात्रा 26 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। सिरसा की ओर से डिंग सीमा के साथ ही विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत होगा। स्थानीय पंचायत भवन में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन द्वारा सरपंच व ग्राम सचिवों की बैठक में साइक्लोथॉन यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक में नगराधीश यश मलिक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. सुभाष चंद्र, बीडीपीओ सिरसा तरुण कुमार, बीडीपीओ ओढां अमन कुमार, बीडीपीओ रानियां सार्थक श्रीवास्तव, बीडीपीओ ऐलनाबाद रोशन लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नजदीकी प्वाइंट पर करें स्वागत

उन्होंने कहा कि पंचायतें यात्रा के अपने नजदीकी प्वाइंट पर पहुंच कर स्वागत करें। सिरसा में यात्रा का रुट तय कर दिया गया है और जगह-जगह यात्रा के स्वागत के लिए पंचायतें तैयारियां कर रही है, जिसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वागत के लिए जो जगह निर्धारित की गई है, वहां मेडिकल फैसिलिटी के साथ ही पीने के पानी का भी प्रबंध होना चाहिए।

समाधान शिविर : 105 आर्चिव, 199 लंबित व 27 शिकायतें अस्वीकृत

अब तक मिली 2,675 शिकायतें, 2,277 का निपटारा

- उपायुक्त मनदीप कौर ने अब तक समाधान शिविरों में की गई कार्रवाईयों की प्रगति रिपोर्ट दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद में आयोजित समाधान शिविर में अब तक 2675 शिकायतें 37 विभागों से प्राप्त हुई हैं। इनमें से 2277 शिकायतों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है, जबकि 105 शिकायतें आर्चिव की गई हैं। यह जानकारी उपायुक्त मनदीप कौर ने विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंस में समाधान शिविरों में अब तक की गई कार्रवाइयों की प्रगति रिपोर्ट देते हुए दी। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुक्रवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला रिव्यू बैठक को संबोधित किया और समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटान की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त एवं सचिव ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित हो रहे समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा तत्परता और प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। वीसी के दौरान उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविरों में अब तक की गई कार्रवाइयों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने बताया जिला फतेहाबाद में 24 अप्रैल तक कुल 2675 शिकायतें 37 विभागों से प्राप्त हुई हैं। इनमें से 2277 शिकायतों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है। जबकि 105 शिकायतें आर्चिव की गई हैं। वर्तमान में 199 शिकायतें लंबित हैं और 27 शिकायतों को विभागों द्वारा अस्वीकृत किया गया है।

फतेहाबाद। समाधान प्रकोष्ठ की जिला रिव्यू बैठक में उपस्थित उपायुक्त मनदीप कौर। *फोटो: हरिभूमि*

विकास कार्यों को लेकर डीसी ने ली बैठक

लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त मनदीप कौर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से जिला में करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर उन्हें निर्देश दिए कि विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला में चल रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पात्र व्यक्तियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने में किसी भी प्रकार की देरी ना करें।

एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।

दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर

नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

0-फाइनेंशियल एनालिस्ट

सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

डेटा साइंटिस्ट

अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान

12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स



हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

मेमोरी शार्प करने के तरीके

रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

अक्सर छात्रों के साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा

मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें:** अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी:** आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग:** अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा:** साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- जागरूकता फैलाएँ: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस:** नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता:** ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें:** अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

भेदभाव से बचें

4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें:** जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश:** अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें:** सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों:** अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ:** रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून:** पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

2. सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

3. नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

4. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

5. भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

6. भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

7. भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

8. स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

खबर संक्षेप

मोबाइल टावर से हजारों का सामान चोरी

फतेहाबाद। रतिया में फतेहाबाद रोड पर लगे टावर से अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सिरसा रोड, हिसार निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि वह आरएस सिक्योरिटी कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है। इंडस कम्पनी ने फतेहाबाद रोड रतिया पर हैफेड वेयर हाऊस के पास मोबाइल टावर लगाया हुआ है। गत दिवस उसके पास टेक्नीशियन मेहर सिंह ने फोन कर सूचना दी कि टावर पर चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर गया तो पाया कि अज्ञात चोर टावर से हजारों का पुर्जा चोरी कर ले गए हैं।

रक्तदान शिविर का किया आयोजन

सिरसा। बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इसी कड़ी में सिरसा के संत निरंकारी सत्संग भवन में डिस्ट्रिक्ट रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से डॉ. हिमानी की देखरेख में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रचारक महात्मा प्रो. जीएस पोपली ने आध्यात्मिक संदेश के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी दिया और रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने संत निरंकारी मिशन की नर सेवा नारायण पूजा की भावना पर प्रकाश डालते हुए अपने भाव प्रकट किए।

जागरुकता अभियान के तहत हुई प्रतियोगिताएं

ओढां। राजकीय मॉडल सांस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करवाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति सजग एवं सतर्क बनाना था। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग आदि पर अपनी लेखनी के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह जाना कि इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाए। कार्यक्रम में प्रकाश सिंह, मनीष मेहता एवं प्रवीण कुमार ने निर्णायक भूमिका निभाई। अध्यपाक नरेश कुमार ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम स्थान, सुकन्या ने द्वितीय स्थान पाया।

पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजली

रतिया। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा जम्मू के पुलवामा में हुए हमले में मारे गये निहत्थे एव निर्दोष लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया। सभा में पहुंचे विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और इस घटना की निंदा की। कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम प्रांत के संगठन सचिव रविन्द्र मेहता एडवोकेट ने किया। शाखा अध्यक्ष राज सिंगला, नरेन्द्र बजाज, सुरेंद्र सिंह, मिठन सिंगला, विद्या सागर बाघला, विजय चुघ, विकास ग्रोवर, श्याम लाल आदि वक्ताओं ने इस कठिन समय में पूरे हिंदू समाज को देश हित में इक्कठे होने की अपील की।

भूना व फतेहाबाद से दो मोटरसाइकिल चोरी

फतेहाबाद। वाहन चोरों ने भूना व फतेहाबाद से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सुखविन्द्र पुत्र रोशन लाल निवासी खैरी, जिला हिसार ने कहा है कि वह अब भूना में खैरी चौक के पास रहता है। कुछ महीने पहले उसने पुराना स्पलैंडर मोटरसाइकिल खरीदा था। गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था। रात को अज्ञात चोर वहां से उसका मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। जब उसने मोटरसाइकिल को गायब देखा तो पहले आसपास तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

विश्व मलेरिया दिवस : स्वास्थ्य कर्मियों व नर्सिंग विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

2025 में अब तक नहीं मिला मलेरिया का एक भी केस, पिछले साल जिले में मिले थे 2 मरीज

जनित रोगों की रोकथाम के लिए अप्रैल से अक्टूबर माह में एक से लेकर दस तारीख तक रैपिड फीवर सर्वे चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्थानीय नागरिक अस्पताल में इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया का अंत हमारे साथ - पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया रोग जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलप्रतिभा ने सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों, आर्यभट्ट नर्सिंग स्कूल मानावाली के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली जा रही मलेरिया जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु अप्रैल से अक्टूबर माह तक हर माह की एक तारीख से लेकर दस तारीख तक रैपिड फीवर सर्वे चलाया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई जाएगी तथा सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जाएगी। इसी कडी में अप्रैल माह के दौरान जिले में 139714 घरों में रैपिड फीवर सर्वे किया गया जिसमें 1939 बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई गई। मलेरिया एवं डेंगू से बचाव व जानकारी देने के लिए डोर टू डोर सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जा रही है। अब तक जिले के विभिन्न गांवों के 255 तालाबों व जोहड़ो में गम्बूजिया मछली डाली गई है। इसके अलावा खड़े पानी में एंटी लार्वा टेमिफोस दवाई का छिडक़ाव किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. हनुमान सिंह ने छात्र/छात्राओं व उपस्थित लोगों को बताया कि मलेरिया रोग लोगों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। रोगी को बुखार आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर रक्त की जांच करवानी चाहिए। इसका ध्यान रखना अति आवश्यक है कि मलेरिया से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष महत्तव है। उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज खटक ने बताया कि जिला में वर्ष 2015 में 107, वर्ष 2016 में 59, वर्ष 2017 में 42, वर्ष 2018 में 2, वर्ष 2019 में 5, वर्ष 2020 में शून्य, वर्ष 2021 में एक, वर्ष 2022 में शून्य, वर्ष 2023 में 2, वर्ष 2024 में 2 मलेरिया केस पाये गये थे। वर्ष 2025 में अब तक मलेरिया का कोई केस नहीं मिला।

फतेहाबाद। विश्व मलेरिया दिवस पर रैली को झंडी दिखाकर रवाना करती सीएमओ।

मलेरिया जैसी बीमारियों से लडने के लिए जागरूकता आवश्यक : प्राचार्य अरुण

फतेहाबाद। पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष प्रार्थना-सभा से हुई, जिसमें छात्रों को मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात एनएसएस के बैनर तले विज्ञान संकाय के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़-नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से मलेरिया उन्मूलन का संदेश दिया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रार्थना-सभा में विद्यार्थियों को विभाग द्वारा प्रेषित ऑडियो क्लिप भी सुनाई गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मच्छरों से फैलने वाली मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति सचेत करना और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी देना था। विद्यालय प्राचार्य अरुण शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया जैसी बीमारियों से लडने के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक चेतना विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कहीं भी पानी को एकत्रित न होने दें और सोते समय मच्छरदानी आदि का प्रयोग नियमित रूप से करें।

मलेरिया के कारण, लक्षण व बचाव की दी जानकारी

- क्रेसंट स्कूल में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में मलेरिया के खिलाफ अपनी रणनीति को दोबारा सोचने, नए तरीकों को अपनाने एवं फिर से उत्साह के साथ काम करने के, थीम के साथ विश्व मलेरिया दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मलेरिया जैसी घातक बीमारी के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई, ताकि वे इस वैश्विक समस्या से निपटने में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

रिया, रिदम एवं कुहू के कुशल मंच संचालन में आशवी, स्मायरा ने मलेरिया पर प्रभावशाली और प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत करते हुए मलेरिया के फैलाव, इसके लक्षणों एवं रोकथाम के उपायों का वर्णन किया। देव व यज्ञ ने मलेरिया पर एक सुंदर हिंदी कविता 'बच्चों को मच्छरदानी में सुलाएं, अपने शहर को मलेरिया मुक्त बनाएं, दूर होगी मलेरिया की यह बीमारी, होगी स्वच्छता में जब सबकी भागीदारी' प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। दिक्षा सोनी, ख्वाहिश, हर्षवर्धन एवं सिद्धार्थ ने मलेरिया की रोकथाम के प्रति सजगता और जागरूकता का संदेश दिया। कायक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा नवमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाट्य-अभिनय, जिसमें उन्होंने मलेरिया के फैलाव, उसकी रोकथाम और साफ-सफाई के महत्व को अत्यंत रचनात्मक और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। प्रनवी, जीवा, केसर एवं निधि के द्वारा दी स्लोग्नस प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि जागरूकता और सावधानी से ही मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव संभव है। प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव तभी संभव है जब हम स्वयं जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें। हमारी छोटी-छोटी सावधानियां बड़े परिणाम ला सकती हैं।

फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ठहरे हुए पानी में अधिक पनपता है मलेरिया का मच्छर: डा. प्रमोद शर्मा

सिरसा। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार भादू के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल सिरसा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन (मलेरिया) डॉ. प्रमोद शर्मा, नोडल अधिकारी (मलेरिया) डॉ. गौरव अरोड़ा, डॉ. संजय कुमार एवं जिला महामारी अधिकारी उपस्थित रहे। उप सिविल सर्जन (मलेरिया) डॉ. प्रमोद शर्मा ने कहा कि मलेरिया का मच्छर गंदे और ठहरे हुए पानी में पनपता है, अतः इसके बचाव के लिए यह जरूरी है कि पानी को इक_I न होने दिया जाए। घरों की टंकियों को पूरी तरह से ढककर रखें और सप्ताह में एक बार टंकियों, कूलरों, गमलों, छतों पर पड़े पुराने टायरों, पशु-पक्षियों के पानी पीने के बर्तनों तथा अन्य जल स्त्रोतों को खाली करके अच्छी तरह रगडकर साफ करें। नोडल अधिकारी (मलेरिया) डॉ. गौरव अरोड़ा ने कहा कि किसी भी प्रकार के बुखार को नजरअंदाज न करें, तुरंत खून की जांच करवाएं। मलेरिया की जांच और इलाज नागरिक अस्पताल सिरसा में निःशुल्क उपलब्ध है।

मलेरिया उन्मूलन की ओर बढ़ते कदम अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

चोपटा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरोही मॉडल स्कूल नाथूसरी कला में मलेरिया दिवस पर मलेरिया उन्मूलन की ओर बढ़ते कदम अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता लालचंद और कुलदीप कुमार ने मलेरिया के कारण, निवारण और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार की अगुवाई में बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ता लालचंद ने बताया कि स्कूल प्रांगण में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तहत मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अपने घरों के आसपास गंदा पानी न खड़ा होने दें। पुराने टायर, ट्यूब, कूलर या टूटे-फूटे बर्तनों में पानी नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा मच्छरों को पनपने दें। इन्होंने बताया कि तेज बुखार, कंपन या उल्टियां इत्यादि लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। इस अवसर पर प्राचार्य कमल कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।

पंचायत का फैसला मांगने वाले बाहरी लोगों का करेंगे बहिष्कार

सिरसा। जिला के गांव फतेहपुरिया नियामतखां की पंचायत व ग्रामीणों की ओर से शुक्रवार को बैठक कर दूरगामी फैसला लिया गया है। सामूहिक रूप से लिए गए इस फैसले में गांव में मांगने के लिए आने वाले बाहरी लोगों का पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। बैठक प्रस्ताव पारित किया गया कि जो बाहरी लोग गांव में भांड, नाथ, जोगी, रोटी बैंक, अनाथ आश्रम, गौशाला, एनजीओ अथवा अन्य संस्था आकर दान दक्षिणा, गेहूं, अनाज या धन की मांग करते हैं, उन्हें कुछ नहीं देना है। ग्रामीणों द्वारा इस आश्य का फैसला सरपंच सुनीता रानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। जिसमें गांव के मौजिज व साधारण लोगों ने शिरकत की। बैठक में कहा गया कि गांव-गांव में दान-दक्षिणा अथवा चंदा एकत्रित करने वालों की आड़ में असामाजिक तत्व रेकी भी करते हैं। दिन में सूने घर में वारदात करने से भी बाज नहीं आते। अनेक जघन्य वारदातों में रेकी का तरीका अपनाया जाना सामने आ चुका है। ऐसे में फतेहपुरिया नियामत खां के ग्रामीणों व पंचायत द्वारा लिया गया फैसला दूरगामी नतीजे देगा।

श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन

सिरसा। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालुजन।

- गायिका किरण राज ने बाबा के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई

सिरसा। अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकदशी के उपलक्ष्य में वीरवार रात को विशाल भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि भजन संध्या में सांवरे सरकार को प्रणाम हमारा है, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद फतेहाबाद से आई भजन गायिका किरण राज ने बाबा के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। उन्होंने भजन- सिया राम जै राम जै जै राम, श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, म्हारै सिर पै बाबा श्याम घुमा दे मेर छड़ी, मूछां गी मरोड़ ऐसो रौब है निरालो, घुंघटियो आडै आ ग्यो जी मैं थाणै देख कोणी पाई बाबा श्याम, कब आएगा मेरा सांवरिया, जुल्म कर डारो सितम कर डारो, हमारा काम होगा तुम्हारा नाम होगा, आयो सांवरियो सरकार नीलै पै चढ़ कै,सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए।

गर्मी में जल सेवा करेगी रतिया हेल्पिंग हैंड्स संस्था

रतिया। रतिया हेल्पिंग हैंड्स एंड वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक संयोजक बोबी गोस्वामी के कार्यालय में प्रधान रणजीत सिंह भानी खेडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई वहीं ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष रणजीत सिंह को सर्व सहमति से लगातार तीसरी बार रतिया हेल्पिंग हैंड्स वेलफेयर ट्रस्ट का आगामी वर्ष के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया व उनको अपनी कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार दिया गया। बैठक में समाज सेवा के कार्यों को लेकर चर्चा की गई। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भीषण गर्मी के सीजन को देखते हुए रतिया हेल्पिंग हैंड्स वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गर्मी के पूरे सीजन के दौरान शहर में फ्री जल सेवा शुरू की जाएगी। इसके तहत शहर के अनेक स्थानों पर ठंडे जल की सेवा के लिए पानी की टंकियां लगाई जाएगी।

जीव ही जीवन संस्था ने स्कूल में पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

सिरसा। शाहपुरिया के स्कूल में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाते विद्यार्थी।

चोपटा। जीव ही जीवन संस्था द्वारा चलाए जा रहे पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे लगाने के अभियान के तहत नाथुसरी चोपटा खंड के गांव शाहपुरिया के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को सकोर लगाए गए। स्कूल प्रिंसिपल प्रताप सिंह, डीपी बलवंत सिंह देहडू, रामकुमार कासनियां, सुभाष शर्मा, हरपाल सहारण, सुमित्रा, सुशीला, सिकंदर, स्कूल के छात्र आइना, निहारिका, समेस्ता, तेजपाल, प्रवीण, प्रिंस, साहिल, यशप्रीत ने प्रण किया कि हर रोज पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करेंगे। प्रिंसिपल प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि इस भयंकर गर्मी में हम बेजुबान जीवों के लिए पानी की व्यवस्था करें। वही विद्यार्थियों को बताया कि प्रकृति हमारे लिए कितनी अनमोल है, इसकी रखवाली करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर जीव ही जीवन संस्था के सदस्य भीम सहारण, बीके मंदोरी, जोनी शर्मा, प्रह्लाद सहारण, प्रदीप मिल, विनोद पूनिया, राकेश गोरछिया भी मौजूद थे।

युवा अरोड़वंश सोसायटी ने पार्क में लगाए स्कोरे

रतिया। युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा आज बुढ़लाडा रोड़ स्थित शहीद देविन्द्र सिंह यादगारी पार्क में सोसायटी अध्यक्ष डॉ. पीयूष अरोड़ा की अध्यक्षता में सकोरा अभियान की शुरुआत की गई। इस प्रोजेक्ट का चेयरमैन मोहन चिलाना को बनाया गया। इस मौके पर पक्षियों के लिए पीने के पानी हेतू पार्क में वृक्षों पर स्कोरे टांगे गए। मोहन चिलाना ने बताया कि गर्मी के सीजन के मद्देनजर युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा शहीद देविन्द्र सिंह यादगारी पार्क से स्कोरा अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत सदस्यों द्वारा वृक्षों पर पक्षियों के दाना-पानी हेतू स्कोरे टांगे गए और सदस्यों द्वारा स्कोरे संभाल हेतू ड्यूटियां भी लगाई गई। उन्होंने बताया कि सोसायटी की मुहिम गर्मियों में लगातार जारी रहेगी।इस मौके पर राजेन्द्र मोंगा, रणजीत सिंह ग्रोवर, प्रेम सेठी, कुमार सचदेवा, हैप्पी सिंह सेठी, रिंकू सचदेवा सहित सदस्य मौजूद रहे।

पायनियर की छात्रा है पहली बालिका पंचायत की सरपंच

फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल में बालिका पंचायत की सरपंच अस्तुति को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

- फतेहाबाद के गांव बरसीन में हरियाणा की पहली निर्वाचित पंचायत का गठन हुआ

फतेहाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में शुरू की गई बालिका पंचायत में जिला फतेहाबाद के गांव बरसीन में हरियाणा की पहली निर्वाचित पंचायत का गठन हुआ, जिसमें पायनियर स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा अस्तुति ने सर्वाधिक वोट प्राप्त कर सरपंच का चुनाव जीता। अस्तुति की माता उषा भी गांव बरसीन की ग्राम पंचायत की सदस्य है। बालिका पंचायत में सरपंच चुनी गई अस्तुति फतेहाबाद के पॉयनियर स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्रा है। आज पायनियर स्कूल की होनहार छात्रा को स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही, निशांत निर्मोही, प्राचार्या गीतिका मेहता, उपप्राचार्या मैत्री निर्मोही व रोहित जुनेजा ने विद्यालय में सम्मानित किया तथा इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

धूमधाम से मनाया जाएगा श्री परशुराम जन्मोत्सव: . दयानंद

सिरसा। परशुराम धर्मशाला में आगामी 29 अप्रेल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में परिवार मिलन एवं सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सभा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने शुक्रवार को भगवान परशुराम धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान डॉ. राधेश्याम शर्मा, विशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रधान श्री गुर्जर गौड़ महासभा हरियाणा के प्रधान इंद्र पाईवाल होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता योगनिष्ठ बंसीवट वाले पंडित सीताराम करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में समाज के उत्थान के लिए बेहतरीन काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। प्रो. शर्मा ने बताया कि सभा द्वारा लगातार समाज के उत्थान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर रोशन लाल वशिष्ठ, रितेश जोशी, विजय जोशी, अर्जुन पंडित भी मौजूद थे।

कार्यक्रम अरबियन फिएस्टा-2025 का किया आयोजन

सफलता के लिए कड़ी मेहनत करना जरूरी: डॉ. जयप्रकाश

जेसीडी इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए और बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए और बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए अरबियन फिएस्टा-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि जीवन में परिश्रम, उत्कृष्टता, आत्मविश्वास और निरंतर सीखते रहने का महत्व है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल सपने देखने से नहीं मिलती, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन, सकारात्मक सोच और सीखने की लगन आवश्यक है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंजाबी व हरियाणवी नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एमबीए वर्ग में जानवी को मिस फेयरवेल, मधु को मिस पर्सनैलिटी, अर्शदीप को मिस्टर फेयरवेल, राजविंद्र को मिस्टर पर्सनैलिटी, नवजोत को मिस्टर ईवनिंग और निमित कंबोज को मिस्टर अटायर का खिताब प्रदान किया गया। वहीं बीबीए वर्ग में जसिका को मिस फेयरवेल, सानिया को मिस ईवनिंग, गरिमा को मिस पर्सनैलिटी, गुरप्रीत को मिस्टर फेयरवेल, मानक को मिस्टर ईवनिंग, देव अरोड़ा को मिस्टर पर्सनैलिटी और बक्शीश को मिस्टर अटायर के खिताब से नवाजा गया। सभी विजेताओं को उपहार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुधांशु गुप्ता, प्राचार्य डॉ. वरिंद्र सिंह, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. शिखा गोयल, इंजीनियर आरएस बराड़, डॉ. अमरीक सिंह गिल और डॉ. प्रदीप कंबोज आदि मौजूद रहे।

सिरसा। कार्यक्रम में सास्कृतिक प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

खबर संक्षेप

चोरीशुदा बाइक सहित पंजाब का युवक काबू

फतेहाबाद। वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मनजिन्द्र सिंह पुत्र भजन लाल निवासी जालंधर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 अप्रैल को चोरी का केस दर्ज हुआ था।

बीघड़ में झगड़े के मामले में दो भाई गिरफ्तार

फतेहाबाद। गांव बीघड़ में दो भाइयों के बीच हुए झगड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो भाइयों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान मनजीत व अजय कुमार पुत्र देवीलाल निवासी बीघड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से दो स्टिक बरामद कर दोनों को शामिल तफ्तीश किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 5 अप्रैल को गांव बीघड़ निवासी फूल चंद की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

मारपीट के मामले में दो युवकों को किया काबू

फतेहाबाद। रतिया पुलिस ने कहासुनी के बाद एक युवक पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान रविन्द्र उर्फ गिन्नू पुत्र भूप सिंह निवासी लाली व कुलदीप उर्फ डुप्पा पुत्र काला सिंह निवासी वार्ड नं. 7, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को शामिल तफ्तीश कर इनके पास से एक लकड़ी का डंडा बरामद किया है।

पुलिसकर्मी से मारपीट के आरोप में दो काबू

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी के साथ मारपीट कर कोर्ट द्वारा जारी वारंट और वर्दी फाडने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान सुरजीत सिंह उर्फ जीता पुत्र रांझा राम व तरसेम पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव चंदू जिला संगरूर पंजाब के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 12 मार्च को पंजाब के मानसा जिले के गांव गोबिंदपुरा निवासी एवं पंजाब पुलिस के एएसआई जगतार सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास की माता का निधन

फतेहाबाद। एमएम कॉलेज फतेहाबाद के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास की माता दयावंती धर्मपत्नी सतपाल गर्ग का शुक्रवार को निधन हो गया।फतेहाबाद की शिवपुरी में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। डॉ. गुरचरण दास के मित्रों, परिचितों व शुभचिंतकों ने शोक सभा व अंतिम संस्कार में पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा- अब देश को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना होगा

पहलगाम हमले के विरोध में फतेहाबाद में बंद रही मोबाइल मार्केट, शहरवासियों ने मारे गए लोगों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

दुकानदारों ने दोपहर 12 बजे तक अपनी दुकानों को बंद रखा था। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर भी संगठन जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। मोबाइल मार्किट में बंद पड़ी दुकानें व पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजली देते दुकानदार व दो मिनट का मौन रखते जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में फतेहाबाद शहर के मोबाइल विक्रेताओं ने मोबाइल मार्केट स्थित अपनी दुकानों को बंद रखा। मार्किट मार्किट में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी दुकानदारों ने आतंकवादियों की गोली से मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और केन्द्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। दुकानदारों ने दोपहर 12 बजे तक अपनी दुकानों को बंद रखा था। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भी इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया।

मोबाइल मार्केट के प्रधान विकास बत्रा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और 26 लोगों की जान ले ली। इस आतंकी घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के प्रति मोबाइल मार्केट के दुकानदार गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि इस असीम दुख को उनके परिजनों को सहने की शक्ति प्रदान करें। इन मोबाइल विक्रेताओं का जिंदगी संस्था के सदस्यों ने भी समर्थन किया। जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा कि अब देश को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना होगा। देश के वीर जवान, सैनिक फौजी ऐसे बाहरी आतंकवादियों को जड़ से मिटाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। निश्चित रूप से वे जल्द ही इन कायराना हरकत करने वाले आतंकवादियों को सबक सिखाएंगे।

एडीआर सेंटर में आतंकी हमला में मारे गए पर्यटकों को किया नमन

फतेहाबाद। पंजाब एवं हरियाणा, उच्च न्यायालय चंडीगढ़ से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला एडीआर सेंटर में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री तथा कर्मचारियों ने जिला एडीआर सेंटर में 2 मिनट का मौन रख कर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की घोर निंदा की। इस मौके पर स्थायी लोक अदालत की सदस्य संतोष सोनी सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अग्रवाल सभा ने की हमले की कड़ी निंदा , कड़ी सजा देने की मांग

फतेहाबाद। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अग्रवाल सभा फतेहाबाद ने कड़े शब्दों में निंदा की है। सभा के प्रधान सुभाष गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में कहा कि यह हमला कायरतापूर्ण है और निर्दोष नागरिकों का नरसंहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि इस जघन्य कृत्य में शामिल दोषियों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें ऐसी सजा दी जाए जो नजीर बन सके। बैठक में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। सुभाष गर्ग ने केंद्र सरकार द्वारा हमले के बाद उठाए गए कड़े कदमों की सराहना करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस प्रकार की निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है।

भाजपा ने दिया बाबा साहेब को सम्मान

- कांग्रेस की सरकारों ने नहीं दिया बाबा साहेब को सम्मान : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। संगोष्ठी को संबोधित करते भाजपा जिला प्रधान प्रवीण जोड़ा।

भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास ललोदा ने की। प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा एवं संजय रेवड़ी मुख्य वक्ता रहे।

बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रवीण जोड़ा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने बाबा साहेब को अपने समय में उचित सम्मान नहीं दिया जबकि भाजपा सरकारों ने बाबा साहेब को पूरा-पूरा सम्मान दिया है। बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति कांग्रेस पार्टी का नफरत भरा भाव जगजाहिर है। बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया जाना, सेंट्रल हॉल में उनका चित्र न लगाया जाना, स्मृति भवनों को सहेजने का प्रयास नहीं करना आदि अनेक उदाहरण है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली में उन्हें जगह तक नहीं दी। बलदेव ग्रोहा ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने बाबा साहब को कैबिनेट से बाहर कर दिया था। भाजपा सरकार ने केवल उन्हें सम्मान ही नहीं दिया बल्कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। इसके साथ साथ भाजपा ही 3 अगस्त 2015 को विमुक्त घुंमंतु जाति विकास बोर्ड का गठन किया।

शहीद के आवास पर पहुंचे अजय चौटाला

सिरसा। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला शुक्रवार को बीते दिनों लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में शहीद हुए सिरसा के गांव झोपड़ा के जवान सूबेदार बलदेव सिंह के घर पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह चौटाला ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में जेजेपी परिवार उनके साथ है।

उन्होंने इस अवसर पर परमात्मा से शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की भी कामना की। इस मौके पर उनके साथ जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जेजेपी जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी व शगनजीत सिंह गिल भी मौजूद थे।

छात्रा चेतना को किया सम्मानित

- शास्त्री प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में अव्वल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। शास्त्री प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में अव्वल रही चेतना को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय से संबंधित श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के शास्त्री प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। महाविद्यालय के प्राचार्य गणेश शंकर ने बताया कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तीनों छात्राएं श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय की ही हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम सेमेस्टर में चेतना ने प्रथम स्थान, द्वितीय और तृतीय स्थान उषा और ज्योति ने प्राप्त किया है। महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल एडवोकेट ने प्रथम रही चेतना को 500 रुपए नकद देकर सम्मानित भी किया व शुभकामनाएं दी। उन्होंने अन्य बच्चों को भी मेहनत करके आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का परिणाम हर वर्ष बेहतर आता है। उन्होंने छात्रों के लिए नकद पुरस्कार की भी घोषणा की, ताकि वह अपनी मेहनत से आगे बढक़र अपना व अपने अभिभावकों का नाम रोशन कर सकें। श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान आरपी शर्मा व कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया, सचिव सुरेश वत्स, प्रबंधक बजरंग पारीक ने भी बच्चों को शुभकामनाएं व बधाई दी। महाविद्यालय के सभी अध्यापकों ने भी बच्चों की मेहनत और शानदार परीक्षा परीणाम के लिए बच्चों की सराहना की।

कनाडा भेजने के नाम पर ठगी, आरोपी काबू

फतेहाबाद। जाखल पुलिस ने एक दम्पति को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने के नाम पर उनसे धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान हरपाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी साधनवास के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 28 जुलाई 2024 को बेगू रोड, सिरसा निवासी सतपाल सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।
शिकायतकर्ता के अनुसार उसका लडक़ा गुरजिन्द्र सिंह जाखल मण्डी में शादीशुदा है। उसकी मुलाकात जाखल मण्डी स्थित क्विक वीजा इमीग्रेशन के मालिक हरपाल सिंह के साथ हुई। उसने गुरजिन्द्र को कहा कि वह दोनों पति-पत्नी व बेटी को वर्क परमिट पर कनाडा भेज सकता है और इसके लिए 35 लाख रुपये लगेंगे।

जिले की अनाज मंडियों में अब तक 14 लाख क्विंटल से ज्यादा सरसों की फसल की आवक

- मंडियों में उठान ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 147741 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 16628 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 86349 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 44764 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 132470 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 9648 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 82963 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 39859 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 110130 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6980 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 66457 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 36693 क्विंटल सरसों फसल का उठान किया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद है।

वहीं मंडियों से अब तक 493918 मीट्रिक टन गेहूं फसल की आवक

फतेहाबाद। जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों मं गेहूं की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 30978 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 493918 मीट्रिक टन गेहूं फसल की आवक हुई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 4884 किसानों की 77048 मीट्रिक टन, हैफेड ने 12345 किसानों की 226439 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 11109 किसानों की 173335 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 2640 किसानों की 17095 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 258599 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 37423 मीट्रिक टन, हैफेड ने 121767 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 86251 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 13157 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा किसानों को उनकी खरीदी गई गेहूं फसल के लिए 602.13 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि किसानों की गेहूं की फसल का एक-एक दाना सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। सरकार द्वारा गेहूं का एमएसपी 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

साहित्यकारों ने आतंकी हमले पर जताया रोष

सिरसा। अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ सिरसा और पंजाबी लेखक सभा सिरसा ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए निर्मम, नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए रोष का इजहार करते हुए पीड़ितों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

दोनों संगठनों के साहित्यकार का. स्वर्ण सिंह विर्क, डॉ. हरविंद्र सिंह, डॉ. गुरप्रीत सिंह सिंधरा, डॉ. शेरचंद, परमानंद शास्त्री व सुरजीत सिंह सिरड़ी ने राज्य व केंद्र सरकार से बिना देरी पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य एवं केंद्र सरकारों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इस घटना के लिए उत्तरदायी पक्षों की निशानदेही करनी चाहिए ताकि इनकी पुनरावृत्ति को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को धर्म-विशेष के साथ जोडक़र देखा जाना वास्तविकता की अनदेखी होगी। इन साहित्यकारों ने कहा है कि ऐसे आतंकी और अमानवीय कुकृत्त्यों के खिलाफ मुल्क की अवाम जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के किसी भी मुद्दे से ऊपर उठकर एकजुट है और वो उन ताकतों को बखूबी पहचानती है जो ऐसे संवेदनशील समय में भी तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए इस अमानवीय घटना को सांप्रदायिकता का जामा पहनाना चाहते हैं।

सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर

- सोशल मीडिया पर घृणा व अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने जिला के पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि धर्म अथवा किसी अन्य गतिविधियों के माध्यम से समाज में घृणा व अफवाह फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा है कि कुछ लोग धर्म अथवा किसी अन्य गतिविधियों की आड़ में अनावश्यक बयानबाजी कर समाज के लोगों को भ्रमित करते है, ऐसे लोगों को किसी भी सूरत मे बख्शा नही जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसी सोशल मीडिया साइट पर लोग आमजन को गुमराह करते है,इसलिए ऐसे लोगों को सूचीबद्ध करें। उन्होंने जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पूरी तरह से सक्रिय रहे तथा सोशल मीडिया पर पहली नजर रखें ताकि सामाज के सभी लोगों का आपसी भाई चारा कायम रहे। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी युट्यूब, फेसबुक, ट्विटर तथा इंस्टाग्राम आदि पर साइबर हेल्प डेस्क की मदद से पैनी नजर रखें तथा धर्म अथवा किसी अन्य विषय को लेकर उसकी आड़ में झूठी खबरें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर समाज में भ्रम तथा दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस पैनी नजर रख रही है।

पुलिस ने टीम की गठित

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया पर झूठी और बेबुनियाद खबरें तथा अफवाह फैलाने से समाज में अशांति, संप्रदायिकता व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, जोकि अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार तथा अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए एएसपी उतम पहल की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गई है, जिसमें साइबर सेल तथा साइबर थाना के एक्सपर्ट शामिल किए गए हैं, जोकि सोशल मीडिया पर जिला से संबंधित सभी खबरों पर नजर रखेंगे तथा झूठी अफवाह फैला कर समाज को भ्रमित करने वालों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जागरूकता | पुलिस का पॉयनियर स्कूल में जागरूकता सेमिनार

किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें छात्राएं शिक्षकों व पुलिस को तुरंत शिकायत दें : मंजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पैक्टर मंजू।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में 'अभिव्यक्ति' नारी के सम्मान में महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को फतेहाबाद शहर के पायनियर कान्वेंट स्कूल में जागरूकता सेमिनार लगाकर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया।

फतेहाबाद पुलिस की महिला जागरूकता टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर मंजू ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें। जैसे ही महसूस हो कि गलत होने वाला है, उसका विरोध दर्ज कराएं। पुलिस को सूचना दें। गलत करने वालों का शुरू में प्रतिकार करें। इससे उसका मनोबल नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को लेकर पुलिस बहुत ही संवेदनशील है। कानून में इन अपराधों को लेकर कठोर नियम व सजा का प्रावधान है, इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए इनसे बचें व अन्य लोगों को भी इस प्रकार के अपराधों से बचाएं।

पुलिस सदैव सुरक्षा के लिए तत्पर है, इसलिए किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना पुलिस को बिना किसी देरी व बिना किसी झिझक के अवश्य दें। समाज सुरक्षा में पुलिस का योगदान दें। अपराधों को लेकर सदैव सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के लोभ व लालच में न आएं। कार्यक्रम में बसों के चालकों व परिचालकों सहित अन्य लोगों द्वारा किए जाने वाले अपराधों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। महिला जागरूकता टीम ने छात्र एवं छात्राओं को बैड टच, गुड टच व सेल्फ डिफेंस के बारे में भी जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को 100 पुलिस कंट्रोल रूम व 1091 महिला हेल्पलाइन एवं 112 सहित अन्य माध्यमों से जरूर दें। इस अवसर पर विद्यालय के महिला प्राचार्य गीतिका मेहता सहित स्कूल स्टाफ एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।